अपरविर्तति रेपो दर

प्रलिमि्स के लयि:

आरबीआई, रेपो रेट, रविर्स रेपो रेट, मौद्रकि नीति, मौद्रकि नीति समिति (एमपीसी)।

मेन्स के लयि:

मौद्रकि नीति, वृद्धि एवं वकिास, आरबीआई और इसके मौद्रकि नीति उपकरण।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारतीय रज़िर्व बैंक (RBI)** की छह सदस्यीय मौद्रकि नीति समिति (MPC) ने प्रमुख नीतगित दरों- रेपो दर, रविर्स रेपो दर और बैंक दर को अपरविर्तति रखते हुए उदार नीतगित दृष्टकिोण को जारी रखा।

- यह लगातार दसवीं बार है जब रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं कयिा गया है। केंद्रीय बैंक ने पछिली बार 22 मई, 2020 को नीतगित दर में संशोधन कयिा था।
- यूएस फेडरल रज़िर्व और यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) सहति वैश्वकि केंद्रीय बैंकों की दरों में जल्द ही बढ़ोतरी की उम्मीद है।

मौद्रकि नीति समिति:

- यह वकिास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थरिता बनाए रखने के लयि भारतीय रज़िर्व बैंक अधनियिम, 1934 के तहत एक वैधानकि और संस्थागत ढाँचा है।
- आरबीआई का पूर्व गवर्नर इस समति का पदेन अध्यक्ष होता है।
- एमपीसी मुद्रास्फीति लक्ष्य (4%) को प्राप्त करने के लयि आवश्यक नीतगित ब्याज दर (रेपो दर) नर्धिारति करता है।
- वर्ष 2014 में तत्कालीन डप्टिी गवर्नर उर्जति पटेल के नेतृत्व में आरबीआई द्वारा नयिुक्त समति ने मौद्रकि नीति समिति की स्थापना की सफिारशि की थी।

प्रमुख घोषणाएँ:

- **रेपो रेट:**
  - ग्रोथ को बढ़ावा देने के लयि इसे 4% पर बरकरार रखा गया है।
  - इसका मतलब है कि बैंक उधार और जमा दरों में वृद्धि नहीं करेंगे तथा ऋण पर EMIs अपरविर्तति रहेंगी।
    - रेपो रेट वह दर है जसि पर कसिी देश का केंद्रीय बैंक (भारत के मामले में आरबीआई) वाणज्यिकि बैंकों के पास धन की कमी होने पर उन्हें पैसा उधार देता है। यहाँ केंद्रीय बैंक प्रतभिूतियों की खरीद करता है।
- **रविर्स रेपो रेट:**
  - इसे 3.35% पर बरकरार रखा गया है।
    - रविर्स रेपो रेट वह दर है जसि पर आरबीआई देश के वाणज्यिकि बैंकों से पैसा उधार लेता है।
- **बैंक दर:**
  - बैंक दर 4.25% पर अपरविर्तति।
    - यह वाणज्यिकि बैंकों को धन उधार देने के लयि आरबीआई द्वारा वसूल की जाने वाली दर है।
- **सीमांत स्थायी सुवधि (MSF) दर:**
  - इस दर को भी 4.25% पर बरकरार रखा गया है।
    - सीमांत स्थायी सुवधि (MSF) अनुसूचति बैंकों के लयि आपातकालीन स्थति में रज़िर्व बैंक से उधार लेने हेतु एक वकिल्प है, जब इंटरबैंक तरलता पूरी तरह से समाप्त हो जाती है।
- **मुद्रास्फीति:**

- कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद रिज़र्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2021-22 (FY22) के लिये 5.3% उपभोक्ता मूल्य (खुदरा) मुद्रास्फीति का अनुमान लगाया है।
  - उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) किसी विशेष वस्तु के लिये एक निश्चित स्तर पर खुदरा कीमतों और ग्रामीण, शहरी एवं अखिल भारतीय स्तरों पर वस्तुओं तथा सेवाओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव की निगरानी करता है। समय की एक निश्चित अवधि में मूल्य सूचकांक में परिवर्तन को सीपीआई-आधारित मुद्रास्फीति या खुदरा मुद्रास्फीति के रूप में जाना जाता है।
- अगले वित्त वर्ष (FY23) के लिये खुदरा मुद्रास्फीति पहले के अनुमानों से कम 4.5% रहने का अनुमान है।
  - MPC ने कहा कि वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में मुद्रास्फीति के कम होने और लक्ष्य दर के करीब जाने की संभावना है, इसके बाद समायोजन हेतु बेहतर विकल्प मौजूद होंगे। सरकार द्वारा समय पर किये गए आपूर्ति उपायों ने मुद्रास्फीति के दबावों को नियंत्रित करने में काफी मदद की है।
  - उदार रुख का अर्थ है कि एमपीसी, दरों को कम करने या उन्हें अपरिवर्तित रखने हेतु तैयार है।

- **संभावित वृद्धि:**
  - केंद्रीय बैंक ने अगले वित्तीय वर्ष (2022-23) के लिये **वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8%** रहने का अनुमान लगाया है।
    - **वास्तविक जीडीपी आर्थिक उत्पादन का एक माप** है जो मुद्रास्फीति या अपस्फीति के प्रभावों के लिये ज़िम्मेदार है।
    - **सांकेतिक जीडीपी और वास्तविक जीडीपी के बीच का अंतर मुद्रास्फीति के लिये एक समायोजन** है। चूँकि सांकेतिक जीडीपी की गणना मौजूदा कीमतों का उपयोग करके की जाती है, इसलिये इसे मुद्रास्फीति के लिये किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं होती है।

अपरिवर्तित दरें:

- MPC का विचार मुद्रास्फीति और विकास के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से मुद्रास्फीति दृष्टिकोण में सुधार, ओमीक्रॉन से संबंधित अनिश्चितताओं और वैश्विक स्पिल-ओवर द्वारा प्रदान की गई सुविधा का नीतिगत समर्थन जारी रखना था।

स्रोत: हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/repo-rate-unchanged